सांसदों ने लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को पुष्पांजलि अर्पित की

नई दिल्ली, 23 जुलाई, 2023: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर संसद भवन के सेंट्रल हॉल में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

राज्यसभा के उपसभापति श्री हरिवंश और संसद सदस्यों ने भी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को पुष्पांजलि अर्पित की।

लोकसभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह और राज्यसभा के महासचिव, श्री पी. सी. मोदी ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के चित्र का अनावरण राष्ट्र के प्रति उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के सम्मान में 28 जुलाई 1956 को भारत के तत्कालीन प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में किया गया था।

इससे पहले अपने ट्वीट संदेश में श्री बिरला ने कहा, “महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक, मूर्धन्य विद्वान और शिक्षाविद 'लोकमान्य' बाल गंगाधर तिलक जी की जयंती पर सादर नमन। उनके विचारों ने आमजन में संस्कृति के प्रति गौरव तथा राष्ट्रवाद की भावना को सशक्त किया। वे आधुनिक भारत के महानतम कर्मयोगी थे जिनके आदर्श सदैव प्रेरणादायी रहेंगे।“